प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

04.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

एल.पी.जी.–आपूर्ति

तेल विपणन कम्पनियों के राज्यस्तरीय समन्वयक आई.एल. नेगी ने कहा है कि राज्य में पैट्रोलियम उत्पादों व एल.पी.जी. की आपूर्ति पूरी तरह से सामान्य और पर्याप्त है। उन्होंने कहा कि विपणन कम्पनियां वर्तमान मांग को पूरा करने के लिए सक्षम हैं और राज्य में मोटर स्पिरिट व हाई–स्पीड डीज़ल की स्टॉक स्थिति सामान्य बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि ऑटोमोटिव ईंधनों की उपलब्धता के लिए किसी प्रकार की चिंता की आवश्यकता नहीं है। एल.पी.जी. के संदर्भ में नेगी ने बताया कि बॉटलिंग प्लांटस पर स्टॉक की स्थिति संतोषजनक है और स्टॉक निर्धारित मानकों के अनुरूप है। उन्होंने उपभोक्ताओं से घबराहट में अनावश्यक खरीददारी न करने और गैस सिलेंडर की बुकिंग केवल डिज़िटल माध्यम से ही करने का आह्वान किया है।

सिकंदर कुमार

भाजपा सांसद व पार्टी के प्रदेश महासचिव डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कांग्रेस सरकार पर पंचायत चुनावों को असंवैधानिक तरीके से लटकाने के आरोप लगाए हैं। एक बयान में उन्होंने कहा कि नये चुनावों की अधिसूचना जारी करने की बजाय प्रदेश सरकार ''प्रशासक राज'' के जरिए पिछले दरवाजे से पंचायतों को नियंत्रित करना चाहती है। सिकंदर कुमार ने ये भी आरोप लगाया कि सरकार आरक्षण रोस्टर में अपनी सुविधा के अनुसार बदलाव कर रही है ताकि भाजपा समर्थित उम्मीदवारों और सक्षम नेतृत्व को चुनावी प्रक्रिया से बहार किया जा सके।

मॉक ड्रिल

कांगड़ा घाटी में 4 अप्रैल 1905 को आए विनाशकारी भूंकप की आज एक सौ 21वीं वर्षगांठ है। इस अवसर पर हमीरपुर में एक जागरूकता कार्यक्रम, रैली व मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौनार उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने कहा कि भूकंप और अन्य आपदाओं से निपटने के लिए तैयारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन में स्थानीय लोगों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आपदा मित्र योजना शुरू की गई है जिसके तहत स्थानीय युवाओं को विशेष रूप से प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रदेश के अन्य स्थानों पर भी कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को आपदा प्रबंधन और भूकंप सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

मौसम

प्रदेश के ऊँचाई वाले इलाकों में हिमपात व अन्य स्थानों पर वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी है। मौसम के इस मिजाज से तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

चंबा जिले में चंबा–पांगी वाया साच–पास मार्ग सहित चंबा–सलूनी मुख्य मार्ग वाहनों की आवाजाही के लिए बंद है। जिले में 50 विद्युत ट्रांसफार्मर भी बंद पड़े हैं। जिला प्रशासन ने खराब मौसम व आगामी दिनों में मौसम विभाग के पूर्वानुमान को देखते हुए लोगों से एहतिहात बरतने की अपील की है। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि किसी भी स्थिति से निपटने के लिए फिल्ड स्टाफ पूरी तरह तैयार है।

इधर राजधानी शिमला सहित अन्य जिलों में भी वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी है। मौसम विभाग ने 6 अप्रैल तक कुछ स्थानों पर व्यापक वर्षा की संभावना जताई है।

गेंहू खरीद

सिरमौर जिला में 8 अप्रैल से शुरू होने वाली गेंहू की खरीद के लिए खाद्य आपूर्ति विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिला खाद्य व नागरिक आपूर्ति नियंत्रक शमशेर सिंह ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा इस वर्ष गेंहू का न्यूनतम समर्थन मूल्य दो हजार 5 सौ 85 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है जो पिछले वर्ष के मुकाबले एक सौ 60 रुपये अधिक है। उन्होंने कहा कि गेंहू बेचने के लिए किसानों को पहले ऑनलाईन पॉर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है, जो एक मार्च से शुरू हो चुका है।

जैसा की आपको विधित ही है कि गत वर्ष की भांति जिला सिरमौर में पांवटा साहिब ओर धौलाकुआं की मंडियों में गेंहू की खरीद होनी है। जो भारत सरकार इसका समर्थन मूल्य 2585 रुपये निर्धारित किया गया है जो पिछले साल की तुलना में करीब 160 रुपये अधिक निर्धारित किया गया है कुल मिलाकर जिला सिरमौर के लिए 10 हजार क्विंटल गेंहू की खरीद का टारगेट निर्धारित किया गया है ऑनलाई पोर्टल के माध्यम से ही होना है मॉसचर की समस्या के समाधान के लिए एग्रिकल्चर का स्टाफ मौजूद रहता है।

परमार

भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व स्वास्थ्य मंत्री विपिन सिंह परमार ने टांडा मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में कार्डियोलॉजी विभाग की दयनीय स्थिति पर गहरी चिंता जताई है। एक बयान में उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लाखों लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं देने वाले इस अस्पताल के कार्डियोलॉजी विभाग का केवल एक डॉक्टर के सहारे चलना बेहतद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों की भारी कमी के कारण गंभीर हृदय रोगियों को समय पर उचित उपचार की सुविधा नहीं मिल पा रही है।